# प्रेस नोट-थाना कोतवाली

# जनपद शाहजहाँपुर

**दिनांक- 23.06.2025**

**“थाना कोतवाली पुलिस टीम को मिली बडी कामयाबी कूटरचित करेंसी कुल 4 लाख 61 हजार रूपये के नकली नोट, 01 अदद कार मारुति ब्रेजा, 01 अदद मोटरसाइकिल, 01 अदद मशीन लेमिनेशन, 01 अदद लैपटॉप, 02 अदद प्रिंटर, अवशेष पेपर, नोट कटिंग के अवशेष पेपर, पन्नी, हरा व सफेद रंग बरामद कर 03 नफर अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार”**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पर दिनांक 23.06.2025 को थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर की पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. डा0 नफीस अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी कमालपुर फतेहाबाद थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद 2. पंकज गंगवार पुत्र स्व सीताराम हाल निवासी जनपद रोड मोहल्ला तीन पानी डाम, , फुलसूँगा, रुद्रपुर थाना ट्रांजिट कैम्प जनपद उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड 3. निखिल मिश्रा पुत्र स्व हरीसुमिरन मिश्रा निवासी मोहल्ला आनंदपुरम  कालोनी थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर को बरेली हाइवे से उमरगंज जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया व इनके कब्जे से कूटरचित करेंसी नोट **500 रुपये के 840 नोट, 100 रुपये के 370 नोट, 50 रुपये के 64 नोट तथा 20 रुपये के 40 नोट कुल 4 लाख 61 हजार रूपये के नकली नोट, 01 अदद कार मारुति ब्रेजा मार्का रंग गाढ़ा स्लैटी बिना नंबर प्लेट की, 01 अदद मोटरसाइकिल टीवीएस स्टार सिटी मार्का रंग हरा बिना नंबर प्लेट की, 01 अदद मशीन लमिनेशन ब्रांड EXCELAM मार्का मय केबल, 01 अदद लैपटॉप रंग सिल्वर एचपी मार्का मय चार्जर मय प्रिंटर केबल, 01 अदद प्रिंटर एचपी मार्का रंग सफेद, 01 अदद प्रिंटर CANON मार्का रंग काला, अवशेष पेपर, नोट कटिंग के अवशेष पेपर, पन्नी हरा व सफेद रंग** बरामद किया गया जिसके क्रम  में थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर पर मु0अ0सं0- 283/25 धारा 176/177/178/179/318/336/336(3) /340(2) BNS पंजीकृत किया गया।  गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण** :-

1. डा0 नफीस अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी कमालपुर फतेहाबाद थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद
2. पंकज गंगवार पुत्र स्व सीताराम हाल निवासी जनपद रोड ,मोहल्ला तीन पानी डाम, फुलसूँगा, रुद्रपुर थाना ट्रांसिट कैम्प जनपद उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।
3. निखिल मिश्रा पुत्र स्व हरीसुमिरन मिश्रा निवासी मोहल्ला आनंदपुरम  कालोनी थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

## बरामदगी का विवरण :-

कूटरचित करेंसी नोट 500 रुपये के 840 नोट, 100 रुपये के 370 नोट, 50 रुपये के 64 नोट तथा 20 रुपये के 40 नोट कुल 4 लाख 61 हजार रूपये के नकली नोट, 01 अदद कार मारुति ब्रेजा मार्का रंग गाढ़ा स्लैटी बिना नंबर प्लेट की, 01 अदद मोटरसाइकिल टीवीएस स्टार सिटी मार्का रंग हरा बिना नंबर प्लेट की, 01 अदद मशीन लमिनेशन ब्रांड EXCELAM मार्का मय केबल, 01 अदद लैपटॉप रंग सिल्वर एचपी मार्का मय चार्जर मय प्रिंटर केबल, 01 अदद प्रिंटर एचपी मार्का रंग सफेद, 01 अदद प्रिंटर CANON मार्का रंग काला, अवशेष पेपर, नोट कटिंग के अवशेष पेपर, पन्नी हरा व सफेद रंग

## पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

1. मु0अ0सं0 283/25 धारा 176/177/178/179/318/336/336(3) /340(2) BNS थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

## गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय

बरेली हाइवे से उमरगंज जाने वाला कच्चा रास्ता चौकी क्षेत्र अजीजगंज, दिनांक 23.06.2025 को समय करीब 07.54 बजे।

## पूछताछ का विवरण अभियुक्त डा0 नफीस व पंकज गंगवार

अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि कोरोना काल में जब लॉक डाउन लगा हुआ था घर पर कोई कार्य नहीं था। हम एक-एक पैसे के लिए मौहताज थे तब मेरे गुरु जाकिर निवासी रमाना थाना शाहाबाद रामपुर जिन्होने मुझे नकली नोट बनाने का हुनर सिखाया था जिनकी कोरोना काल में मृत्यु भी हो गयी थी तब से हम सब अपने-अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए अन्य कोई साधन न होने के कारण कूटरचित करेन्सी बनाने वाले उपकरणो के माध्यम से नकली करेन्सी नोट तैयार कर आसपास के जनपदो में धोखाधड़ी करके असली के रूप में भोली भाली जनता को चलन में देकर धनोपार्जन करते है इसे हम छोटे मोटे कारोबारियो व जनता के लोगो को आसानी से चलन में देकर धनोपार्जन कर लेते है। लालच में आकर शाहजहाँपुर में भारी मात्रा में कूटरचित करेन्सी नोट देकर धनोपार्जन करने के लिए आये थे। इसी ब्रेजा कार से पंकज व निखिल मेरे द्वारा बनायी गयी नकली करेन्सी नोट सप्लाई करते थे नकली करेन्सी नोट 20 प्रतिशत के हिसाब से ब्रोकर को दी जाती थी। आज निखिल मिश्रा ने शाहजहाँपुर में कारोबार करने के लिए हमे किराये का कमरा दिलाने के लिए बुलाया था तभी मैं नकली करेन्सी छापने वाले पूरे उपकरण लेकर शाहजहाँपुर आया था।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त डा0 नफीस

1. मु0अ0सं0- 64/2018 धारा 489A/489B/489C/489D/420 IPC थाना ईकोटेक-तृतीय गौतमबुद्धनगर
2. मु0अ0सं0- 41/2021 धारा 420/467/468/471 भादवि थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा
3. मु0अ0सं0- 42/2021 धारा 489A/489B/489C/489D IPC थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा
4. मु0अ0सं0- 633/22 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा
5. मु0अ0सं0- 645/2022 धारा 489B/489C भादवि थाना मझोला जनपद मुरादाबाद
6. मु0अ0सं0- 136/2023 धारा 489A/489B/489C/420/467/468/471 IPC थाना भोजपुर मुरादाबाद

7. मु0अ0सं0- 283/25 धारा 176/177/178/179/318/336/336(3) /340(2) BNS थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह थाना कोतवाली शाहजहांपुर।
2. उ0नि0 श्री सुशान्त रावत थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
3. उ0नि0 श्री नितिन कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
4. हे0का0 संजीव कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
5. का0 2330 सुमित थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
6. का0 2214 अर्जुन सिंह थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर
7. का0 1750 गौरव कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर